बिहार राज्य भंडार निगम
बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक परिसर, पटना
फोन नं0.: 0612 2223666,
ई–मेल.: mdbswc@gmail.com,
वेब0.: www.bswc.co.in

अल्पकालीन निविदा
बीमा निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार राज्य भंडार निगम के बिहार एवं झारखण्ड राज्य में विभिन्न स्थानों यथा 55 भंडारगृहों/केन्द्रों में विभिन्न जमाकर्त्ताओं यथा कृषक, व्यापारी, संस्थान, सरकारी उपक्रम, विभाग, राज्य सरकार की एजेन्सी, केन्द्र सरकार की एजेन्सी एवं अन्य की विभिन्न सामग्री यथा खाद्यान्न – चावल, गेहूँ, तिलहन, दलहन, खाद, सीमेन्ट, किताब, कागज, डी.डी.टी., दवा, वोटिंग मशीन बॉक्स, छड़ एवं अन्य अधिसूचित सामग्रियाँ संचित होती हैं, जिसका सम्भावित मूल्य निम्नवत् है:–

1. रु. 600/– करोड़
2. रु. 700/– करोड़
3. रु. 800/– करोड़
4. रु. 900/– करोड़
5. रु. 1000/– करोड़

उपर्युक्त पाँच स्लैबों के विरूद्ध फ्लोटर बेसिस पर स्टैंडर्ड फायर एवं स्पेशल पेरिल पॉलिसी के तहत आग, बाढ़, एस.टी.एफ.आई. एवं आर.एस.एम.डी., भूकम्प, चोरी एवं सेंधमारी के जोखिम के लिए वर्ष 2021–22 हेतु बीमा पॉलिसी राष्ट्रीयकृत साधारण बीमा कम्पनी से लेना है। इस संदर्भ में विस्तृत निविदा दस्तावेज बिहार राज्य भंडार निगम, मुख्यालय, बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक परिसर, पटना से लिखित आवेदन पर दिनांक 22.07.2021 तक प्राप्त किया जा सकत है। निगम के शर्त्तो पर बीमा कम्पनी द्वारा क्षति के दावों का निपटारा एवं भुगतान घटना से अधिमतम दो माह की अवधि में निश्चित रूप से करने की बाध्यता होगी। क्षति का दावा कें भुगतान में न्यूनतम कटौती का प्रावधन मान्य नहीं होगा। निगम के जमाकर्त्ताओं द्वारा क्षति के भरपाई के लिए निगम से जो भी कटौती की जाएगी उसका पूर्ण भरपाई बीमा कम्पनी द्वारा देय होगा।

उपर्युक्त वर्णित मान्य शर्त्तो के आधार पर राष्ट्रीयकृत साधारण बीमा कम्पनी से प्रिमियम की गणना एवं उसपर दिये जाने वाले छुट के साथ अन्य सभी शर्त्तो इत्यादि का उल्लेख करते हुए अपने सक्षम पदाधिकारी के हस्ताक्षर से तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग लिफाफे में मुहरबंद कर तथा उसे एक बड़े लिफाफे में डालकर एवं मुहरबंद कर दिनांक 23.07.2021 को अपराह्न 3:00 बजे तक बिहार राज्य भंडार निगम, मुख्यालय, बी–2, प्रथम तल, मौर्यलोक परिसर, पटना में आमंत्रित किया जाता है। तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के मुहरबंद लिफाफे पर क्रमशः तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा लिखा रहना चाहिए। निविदाकर्त्ता द्वारा समर्पित निविदा एवं अभिलेख/कागजात पर बीमा कम्पनी का मुहर एवं निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

प्रसंगाधीन निविदा कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर सम्पन्न होगी।

निविदा आमंत्रण की तिथि	दिनांक 12.07.2021
निविदा कागजात प्रपत्र बि.रा.भं.नि. कार्यालय से प्राप्त करनें की अंतिम तिथि	दिनांक 22.07.2021 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
भरे हुये निविदा को बि.रा.भं.नि. में जमा करनें की अंतिम तिथि	दिनांक 23.07.2021 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 26.07.2021 को अजराह्न 03:00 बजे ।
वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय	तकनीकी निविदा मूल्यांकन पश्चात

निविदा में भाग लेने वाले बीमा कम्पनी के प्राधिकृत पदाधिकारी निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। प्रबंधन को बगैर पूर्व सूचना/कारण बताये निविदा को स्वीकृत/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

प्रबंध निदेशक